**SET – 2**

**Series : TYM**

कोड नं.
**Code No. 4/2**

रोल नं.
**Roll No.** | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **4** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **17** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी
# HINDI
## (पाठ्यक्रम ब)
## (Course B)

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **80***
*Time allowed : **3** hours* | *Maximum Marks : **80***

**सामान्य निर्देश :**

*(i) इस प्रश्न-पत्र में **चार** खंड हैं – **क, ख, ग** और **घ** ।*
*(ii) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।*
*(iii) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए ।*

## खंड – क

1. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर **20-30** शब्दों में लिखिए :

मैं चला, तुम्हें भी चलना है असि धारों पर
सर काट हथेली पर लेकर बढ़ आओ तो ।
इस युग को नूतन स्वर तुमको ही देना है,
अपनी क्षमता को आज ज़रा अज़माओ तो ।
दे रहा चुनौती समय अभी नवयुवकों को
मैं किसी तरह मंज़िल तक पहले पहुँचूँगा ।
तुम बना सकोगे भूतल का इतिहास नया,
मैं गिरे-हुए लोगों को गले लगाऊँगा ।
क्यों ऊँच-नीच, कुल, जाति रंग का भेद-भाव ?
मैं रूढ़िवाद का कल्मष-महत ढहाऊँगा ।

जिनका जीवन वसुधा की रक्षा हेतु बना
मरकर भी सदियों तक यों ही वे जीते हैं ।
दुनिया को देते हैं यश की रसधार विमल
खुद हँसते-हँसते कालकूट को पीते हैं ।
है अगर तुम्हें यह भूख-'मुझे भी जीना है'
तो आओ मेरे साथ नींव में गड़ जाओ ।
ऊपर इसके निर्मित होगा आनंद-महल
मरते-मरते भी दुनिया में कुछ कर जाओ ।

(क) कवि को नवयुवकों से क्या-क्या अपेक्षाएँ हैं ? 2

(ख) 'मरकर भी सदियों तक जीना' कैसे संभव है ? स्पष्ट कीजिए। 2

(ग) भाव स्पष्ट कीजिए : 2
'दुनिया को देते हैं यश की रसधार विमल,
खुद हँसते-हँसते कालकूट को पीते हैं ।'

2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर **20-30** शब्दो में लिखिए :

हँसी भीतरी आनंद का बाहरी चिह्न है । जीवन की सबसे प्यारी और उत्तम से उत्तम वस्तु एक बार हँस लेना तथा शरीर को अच्छा रखने की अच्छी से अच्छी दवा एक बार खिलखिला उठना है । पुराने लोग कह गए हैं कि हँसो और पेट फुलाओ । हँसी कितने ही कला-कौशलों से भली है । जितना ही अधिक आनंद से हँसोगे उतनी ही आयु बढ़ेगी । एक यूनानी विद्वान कहता है कि सदा अपने कर्मों पर खीझने वाला हेरीक्लेस बहुत कम जिया, पर प्रसन्न मन डेमाक्रीट्स 109 वर्ष तक जिया । हँसी-खुशी का नाम जीवन है । जो रोते हैं उनका जीवन व्यर्थ है । कवि कहता है – 'ज़िंदगी ज़िंदादिली का नाम है, मुर्दा दिल क्या ख़ाक जिया करते हैं ।' मनुष्य के शरीर के वर्णन पर एक विलायती विद्वान ने पुस्तक लिखी है । उसमें वह कहता है कि उत्तम सुअवसर की हँसी उदास-से-उदास मनुष्य के चित्त को प्रफुल्लित कर देती है । आनंद एक ऐसा प्रबल इंजन है कि उससे शोक और दुख की दीवारों को ढा सकते हैं । प्राण रक्षा के लिए सदा सब देशों में उत्तम-से-उत्तम उपाय मनुष्य के चित्त को प्रसन्न रखना है । सुयोग्य वैद्य अपने रोगी के कानों में आनंदरूपी मंत्र सुनाता है ।

एक अंग्रेज़ डॉक्टर कहता है कि किसी नगर में दवाई लदे हुए बीस गधे ले जाने से एक हँसोड़ आदमी को ले जाना अधिक लाभकारी है ।

(क) हँसी भीतरी आनंद को कैसे प्रकट करती है ? 2

(ख) पुराने समय में लोगों ने हँसी को महत्त्व क्यों दिया ? 2

(ग) हँसी को एक शक्तिशाली इंजन के समान क्यों कहा गया है ? 2

(घ) हेरीक्लेस और डेमाक्रीट्स के उदाहरण से लेखक क्या स्पष्ट करना चाहता है ? 2

(ङ) गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए । 1

## खंड – ख

3. निम्नलिखित मुहावरों का प्रयोग इस प्रकार कीजिए कि अर्थ स्पष्ट हो जाए : 2
मौत सिर पर होना, चेहरा मुरझा जाना

4. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए : **1 × 4 = 4**
   (क) मैं मेरा काम कर लूँगा ।
   (ख) अपराधी को मृत्युदंड की सजा मिलनी चाहिए ।
   (ग) माताजी बाज़ार गए हैं ।
   (घ) वह गुनगुने गर्म पानी से स्नान करता है ।

5. शब्द पद कब बन जाता है ? उदाहरण देकर तर्कसंगत उत्तर दीजिए । **2**

6. नीचे लिखे वाक्यों का निर्देशानुसार रूपांतरण कीजिए : **1 × 3 = 3**
   (क) तताँरा की व्याकुल आँखें वामीरो को ढूँढ़ने में व्यस्त थीं । (संयुक्त वाक्य में)
   (ख) जापान में चाय पीने की एक विधि है जिसे 'चा-नो-यू' कहते हैं । (सरल वाक्य में)
   (ग) तताँरा को देखते ही वामीरो फूट-फूट कर रोने लगी । (मिश्र वाक्य में)

7. (क) निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह करके समास के भेद का नाम लिखिए : **1 × 2 = 2**
   नवनिधि, यथासमय
   (ख) निम्नलिखित शब्दों का सामासिक पद बनाकर समास के भेद का नाम भी लिखिए : **1 × 2 = 2**
   जन का आंदोलन, नीला है जो कमल

## खंड – ग

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **20-30** शब्दों में लिखिए :
   (क) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के आधार पर पर्वत के रूप-स्वरूप का चित्रण कीजिए । **2**
   (ख) बिहारी ने 'जगतु तपोबन सौ कियौ' क्यों कहा है ? **1**
   (ग) महादेवी वर्मा की कविता में 'दीपक' और 'प्रियतम' किनके प्रतीक हैं ? **2**

9. 'कर चले हम फिदा' **अथवा** 'मनुष्यता' कविता का प्रतिपाद्य लगभग **100** शब्दों मे लिखिए । **5**

10. 'हरिहर काका' कहानी के आधार पर बताइए कि एक महंत से समाज की क्या अपेक्षा होती है । उक्त कहानी में महंतों की भूमिका पर टिप्पणी कीजिए । उत्तर लगभग **150** शब्दों में दीजिए । **5**

**अथवा**

इफ़्फ़न और टोपी शुक्ला की मित्रता भारतीय समाज के लिए किस प्रकार प्रेरक है ? जीवन-मूल्यों की दृष्टि से लगभग **150** शब्दों में उत्तर दीजिए ।

11. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **20-30** शब्दों मे लिखिए :
   (क) हमारी फिल्मों में त्रासद स्थितियों का चित्रांकन 'ग्लोरीफाई' क्यों कर दिया जाता है ? 'तीसरी कसम' के शिल्पकार शैलेन्द्र के आधार पर उत्तर दीजिए । **2**
   (ख) 'गिरगिट' पाठ में चौराहे पर खड़ा व्यक्ति ज़ोर-ज़ोर से क्यों चिल्ला रहा था ? **1**
   (ग) तताँरा-वामीरो कथा के आधार पर प्रतिपादित कीजिए कि रूढ़ियाँ बंधन बनने लगें तो उन्हें टूट जाना चाहिए । **2**

12. 'अब कहाँ दूसरों के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि बढ़ती हुई आबादी का पशुपक्षियों और मनुष्यों के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ रहा है ? इसका समाधान क्या हो सकता है ? उत्तर लगभग **100** शब्दों में दीजिए । **5**

**अथवा**

'बड़े भाई साहब' कहानी के आधार पर लगभग **100** शब्दों में लिखिए कि लेखक ने समूची शिक्षा प्रणाली के किन पहलुओं पर व्यंग्य किया है ? आपके विचारों से इसका क्या समाधान हो सकता है ? तर्कपूर्ण उत्तर लिखिए ।

## खंड – घ

13. विद्यालय की सांस्कृतिक संस्था 'रंगमंच' की सचिव लतिका की ओर से 'स्वरपरीक्षा' के लिए इच्छुक विद्यार्थियों को यथासमय उपस्थित रहने की सूचना लगभग **25-30** शब्दों में लिखिए । समय और स्थान का उल्लेख भी कीजिए । **5**

**अथवा**

आप हिन्दी छात्र परिषद के सचिव प्रगण्य हैं । आगामी सांस्कृतिक संध्या के बारे में अनुभागीय दीवार पट्टिका के लिए **25-30** शब्दों में सूचना तैयार कीजिए ।

14. स्वच्छता अभियान की सफलता के बारे में दो मित्रों के संवाद को लगभग **50** शब्दों में लिखिए । **5**

**अथवा**

विद्यालय में मोबाइल फोन के प्रयोग पर अध्यापक और अभिभावक के बीच लगभग **50** शब्दों में संवाद लिखिए ।

15. विद्यालय की कलावीथि में कुछ चित्र (पेंटिंग्स) बिक्री के लिए उपलब्ध हैं । इसके लिए एक विज्ञापन लगभग **50** शब्दों में लिखिए । **5**

**अथवा**

अपने विद्यालय की संस्था 'पहरेदार' की ओर से जल का दुरुपयोग रोकने का आग्रह करते हुए लगभग **50** शब्दों में एक विज्ञापन का आलेख तैयार कीजिए ।

16. अपने बैंक के प्रबंधक को पत्र लिखकर अपने आधार कार्ड को बैंक खाते से जोड़ने का अनुरोध कीजिए । **5**

**अथवा**

बस में छूट गए सामान को आपके घर तक सुरक्षित रूप से पहुँचाने वाले बस कंडक्टर की प्रशंसा करते हुए उसे पुरस्कृत करने के लिए परिवहन अध्यक्ष को एक पत्र लगभग **100** शब्दों में लिखिए ।

17. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग **80-100** शब्दों का अनुच्छेद लिखिए : **5**

(क) स्वच्छता आंदोलन
- क्यों • बदलाव • हमारा उत्तरदायित्व

(ख) मन के हारे हार है मन के जीते जीत
- निराशा अभिशाप • दृष्टिकोण परिवर्तन • सकारात्मक सोच

(ग) भारतीय किसान के कष्ट
- अन्नदाता की कठिनाइयाँ • कठोर दिनचर्या • सुधार के उपाय